Title: Need for Centre to interfere to stop killing of farmers, labourers and elected members/representatives of Panchayat in Bihar, Assam and West Benagal.

डॉ. संजय पासवान (नवादा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि बिहार, बंगाल और असम में मजदूर और किसानों की बड़े बेरहमी से हत्याएं हो रही हैं। खासकर बिहार के बारे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि चुने हुए प्रतिनिधियों की हत्याएं की जा रही हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पिछले तीन महीनों में 26 मुखिया, 18 पंचायत सदस्य और प्रमुख लोग और 7 जिला पराद् के लोग मार दिए गए हैं। परसों ही सिवान में पांच दलित मुसलमानों को मार दिया गया। इन सब बातों को सुनकर बहुत दुख होता है। इसलिए कुछ विशेा व्यवस्था करने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और गृह मंत्री जी से बिहार के बारे में विशेा रूप से निवेदन करूंगा कि वहां जनप्रतिनिधियों की हत्याएं न हों और असम तथा बंगाल में जो किसान मजदूर मारे जा रहे हैं उसमें भी वे हस्तक्षेप करें ताकि हत्याएं बन्द हों, अमन पैदा हो, शांति रहे और सब लोग तरक्की करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.30 p.m.

13.42 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till thirty minutes

past Fourteen of the Clock.

लोक सभा 1436 बजे भोजनावकाश के उपरान्त पुनः समवेत् हुई।

(श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा पीठासीन हुई)